



## एक नजर में

### विशेष योग्यता वाले बच्चों का किया सम्मान

**रतलाम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 16 में जैन स्कूल के पीछे नव निर्मित मंच पर ध्वज वंदन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विशेष योग्यता रखने वाले बच्चों को वार्ड पार्षद रणजीत टाक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्षा मनीषा शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद राठौड़, कलमी कॉलोनी से जनाब शेख मुस्तफा शाकिर, पद्म भूषणित डॉ. लीला जोशी, डॉ. सुलोचना शर्मा उपस्थित रही। इस अवसर पर सम्मानित बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में गोपाल गौशाला कॉलोनी अध्यक्ष नरेश सकलेचा, गौ रक्षा कार्यकारिणी सदस्य शीतल चौहान, दीनदयाल मंडल के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता, वार्ड के वरिष्ठजन, पार्षदगण, महिलाएँ और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रवीण आठे ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी गरिमा बनाई। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री आकाश खड़के ने किया तथा आभार व्यक्त करते हुए पार्षद रणजीत टाक ने वार्ड में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राजकुमारी पंवार का नेत्रदान, दो दृष्टिहीनों के जीवन में आएगा उजियारा



**रतलाम।** अलकापुरी निवासी स्व. नाहरसिंह पवार की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी पवार के निधन के उपरांत उनके परिजनों ने समाजसेवा और मानवता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उनका नेत्रदान किया। इस नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्राप्त होने की संभावना है, जिससे उनके जीवन में नया उजियारा आएगा। इस पुनीत कार्य हेतु विनोद माहेश्वरी ने दिवंगत के पुत्र दीपकसिंह पवार एवं परिजनों को प्रेरित किया, जिस पर उन्होंने सहर्ष सहमति प्रदान की। नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि परिजनों की सहमति मिलते ही तत्काल गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचित किया गया। उनकी टीम— मनीष तलाच एवं मोहनलाल राठौड़— ने तत्परता से पहुंचकर नेत्र संरक्षण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस अवसर पर नवनीत मेहता, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुशील (मीनू) माथुर, शीतल भंसाली, शलभ अग्रवाल, शिवम माथुर, यश माथुर, दिलीपसिंह, चंदरसिंह सहित नेत्रम संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संस्था द्वारा दिवंगत के परिजनों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उदारता एवं सहृदयता का सम्मान किया गया। नेत्रम संस्था सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे भी नेत्रदान जैसे पुण्य कार्य में सहयोग करें और समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने में सहभागी बनें।

# नर्मदा का पानी रतलाम आएगा, 113 करोड़ देंगे : सीएम डॉ. यादव





**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुंडाल गांव में करीब 247 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न श्रेणी के 56 से अधिक निर्माण एवं विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर

**कुंडाल गांव में 247 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

विधिवत् लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा का पानी रतलाम में अब आपके यहां तक आ रहा है। रतलाम नगर में पेयजल के लिए नर्मदा नदी से बदनावर एल आई एस को रतलाम तक और धोलावाड़ योजना ग्रामीण अंचल तक ले जाने की 113 करोड़ की योजना पूरी करने की घोषणा करता हूं। इससे पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। ज्ञातव्य है कि कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप रतलाम में नर्मदा का पानी लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कोटेश्वर मंदिर एवं विरुपाक्ष महादेव मंदिर बिलपांक के विकास के लिए राशि दिये जाने की भी घोषणा की। मूंदड़ी के ग्राम



उंडवा में बड़ा तालाब बनाने की घोषणा की। रतलाम से खाचरोद की आवागमन सुविधा के लिए 30 किलोमीटर की 220 करोड़ की फोरलेन सड़क भी बनाई जाएगी।

कार्यक्रम को रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र की सांसद अनीता चौहान नागर सिंह चौहान एवं रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामोर ने भी संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों के संबंध में अपनी मांगें रखीं। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय परंपरा की पहचान पगड़ी, बंडी, चांदी का कड़ा पहनाकर और तीर-कमान देकर पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, पूर्व सासंद गुमान सिंह डामोर, पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, प्रदीप पाण्डेय, विप्लव जैन सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### देर रात आए सीएम डॉ यादव

जिले के ग्राम कुण्डाल में आयोजित लोकार्पण/भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार रात्रि में ही अचानक रतलाम पहुंचे। आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कैबिनेट मंत्री एवं लघु एवं सूक्ष्म उद्यम मंत्री मध्य प्रदेश शासन चैतन्य काश्यप ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, डीआईजी मनोज कुमार सिंह, कलेक्टर राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम शहर सुश्री आर्ची हरित सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने किए कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर पूजा

रतलाम। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रतलाम जिले के प्रवास के दौरान कुण्डाल ग्राम में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की।

### झलकियां



कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने कन्याओं को पूजन कर किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने दर्शन कर पूजा अर्चना की।

### फोरलेन पर लगा लम्बा जाम

सीएम कार्यक्रम के चलते महू-नीचम फोरलेन पर लम्बा जाम लगा गया। बड़ी संख्या में लोगों की आवाही के चलते लम्बा जाम लगा रहा। राजस्थान जाने वाली गाड़ियां भी इस जाम में फंस गई। आयोजन स्थल पर पहुंचे के लिए भी गाड़ियां इसी मार्ग से पहुंची थी। वहीं रतलाम, मंदसौर, नीमच और राजस्थान तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग होने से आम लगा।

## गुलाब चक्कर में गुंजे देशभक्ति के तराने

रतलाम। स्वतंत्रता दिवस प्रकृतिमय हृदय स्थली गुलाब चक्कर स्थित तिरंगामय परिवेश में भारत माता के चित्र पर पुष्पमाला पूजन कर अश्विनी शुक्ला व गायकों द्वारा क्षसामूहिक झंडावदन राष्ट्र गान के साथ संगीतमय देश भक्ति गीतों के द्वारा राष्ट्र सेवा में जीवन अर्पण करने वाले महापुरुषों शहिदों के नाम समर्पित की गई सुरताल के बंटी लुईस विशाल कुमार वर्मा के प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में आशीष मिश्रा, कैलाश यादव, विवेक शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, राकेश बोरिया, विजय सोनी, धर्मेंद्र कोठारी, देवेंद्र तोमर, सुनील निरंजनी, जोएब मंसुरी, राज शिवगढ़, ओमप्रकाश शर्मा, मनीष कोठारी, ईश्वर सिंह सिंघार, कुंदर सिंह, हेमंत सोनगरा, नित्येन्द्र आचार्य, जितेंद्र सिंह ठाकुर ने सुमधुर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी श्रोताओं आमजनों को लड्डू प्रसादी वितरण किया गया संचालन शपथ के साथ आभार विशाल कुमार वर्मा ने माना।

## स्कूल में पढ़ाई के लिए बुनियादी सुविधाएं नि :शुल्क उपलब्ध कराए

**रतलाम।** स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 डोसीगांव में आयोजित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में जनजातीय कार्य ,लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री मध्य प्रदेश शासन डॉ. कुंवर विजय शाह ने स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जनप्रतिनिधि विप्लव जैन, कलेक्टर राजेश बाथम पुलिस, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव,सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, एसडीएम आर्ची हरित सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री डॉ शाह ने बच्चों से शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। भोजन कैसा मिलता है, यूनिफॉर्म एवं स्कूल की पढ़ाई के बारे में पूछा। बच्चों की संतुष्टि पर खुशी जाहिर करते हुए मंत्री श्री शाह ने कहा कि मुझे खुशी है कि बच्चों को पढाई के लिए स्कूल में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं ।बच्चे शासन की योजनाओं से खुश हैं ।

# महालक्ष्मी परिसर किरण टॉकिज में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**रतलाम।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाये जाने के शासन निर्देश के तहत नगर निगम द्वारा महालक्ष्मी परिसर किरण टॉकिज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया।

निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र

**भगवान श्रीकृष्ण के चित्र माल्यार्पण कर आरती की**

व्यास, महापौर परिषद सदस्य मनोहरलाल राजू सोनी, सपना त्रिपाठी, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, आयुषी सांकला, प्रीति कसेरा, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, जलज सांकला, संजय कसेरा आदि ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र माल्यार्पण कर आरती की। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने राधा-कृष्ण का वेशधरकर रासलीला की प्रस्तुति दी वहीं आंख पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़, गरबा रास व सुमधुर भजनों पर नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी व फरियाली खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त करूणेश डण्डोतिया, डॉ. दीप व्यास, रौनक व्यास, नयन व्यास, निलय व्यास, कुलदीप त्रिवेदी, संजय वोरा सहित नागरिक विशेषकर महिलाऐं व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### द्वारिकाधीश मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

शहर के चांदनी चौक के समीप सुनारों की गली में स्थित प्राचीन श्री द्वारिकाधीश मंदिर, जो पालीवाल जी का निजी मंदिर है, करीब 306 वर्ष पुराने इस पवित्र स्थल पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शनिवार, 16 अगस्त को धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व ने भक्तों में अपार उत्साह और श्रद्धा का संचार किया। द्वारकाधीश मंदिर के मुखिया एवं आयोजन-कर्ता श्री राम निवास-श्रीमती कांता बाई पालीवाल ने बताया सुबह 6 बजे पुजारी मुकेश पालीवाल और योगेश पालीवाल ने मंगल आरती और श्रृंगार के साथ दिन की शुरुआत की। इसके पश्चात 7:30 बजे आरती और भोग अर्पित किया गया, जिसमें 1008 विष्णुजी के नामों के साथ तुलसी पत्र चढ़ाए गए। 11 बजे से कथाओं का आयोजन हुआ, जबकि 12:30 बजे भोग लगाया गया। भगवान श्री द्वारकाधीश का आकर्षक अंगराग श्रृंगार किया गया, जो भक्तों के मन को मोहता रहा। शाम को शास्त्रीय भजन गायक अनिरुद्ध मुरारी द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई, जिसने मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया।रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मुख्य आरती संपन्न हुई, इसके बाद प्रसाद का वितरण किया। विजयालक्ष्मी, नीलम पालीवाल, शांति बेन पालीवाल, सुशीला बेन, श्रीमती रत्ना पालीवाल, राधेश्याम पालीवाल, शिवम, हर्षित, चैतन्य, मीनू, कृतिका, आकृति और नेहा पालीवाल सहित श्रद्धालुओं माजूद रहे।

# मुख्यमंत्री यादव ने पितृशोक पर महापौर प्रहलाद पटेल को सांत्वना दी

**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महापौर प्रहलाद पटेल के निवास पर पहुंचकर महापौर पटेल के पिताजी स्व. बाबूलाल पटेल के देवलोक गमन पर गमगीन परिजनों को सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. बाबुलाल पटेल के फोटो पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रृद्धांजली दी। सांसद अनिता नागरसिंह चौहान, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा मनोज शर्मा, कलेक्टर राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एसडीएम शहर आर्ची हरित महापौर श्री पटेल के परिवार जन सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



# सीएम हेल्पलाईन का हो रहा दुरूपयोग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रदेश के नागरिकों की समस्याओं का जल्द निराकरण करने के लिए सीएम हेल्पलाईन योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत तीन स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी और निराकरण प्रक्रिया को बनाया गया हैं। लेकिन

**दबाव बनाने और परेशान करने के लिए हो रही फर्जी शिकायतें**

वर्तमान में कुछ शरारती तत्व और लाभ उठाने वाले लोगों द्वारा इस योजना का दुरूपयोग किया जा रहा हैं। इस योजना के माध्यम से फर्जी शिकायत की जा रही है और दबाव बनाकर परेशान करने का प्रयास हो रहा हैं। ऐसी फर्जी शिकायत को लेकर शासन से लेकर सरकार तक परेशान हैं। कुछ ऐसे ही शिकायतों को लेकर प्रमुख सचिव ने गत दिवस एसीएस लोक सेवा प्रबंधन को पत्र भी लिखा था। इसमें कुछ शिकायत का उल्लेख करते हुए बताया गया था कि बार-बार अलग-अलग योजनाओं और विभागों से जुड़ी एक जैसी शिकायतें की जा रही हैं। इन शिकायतों का उद्देश्य ब्लॅकमेलिंग हैं।

CM HELPLINE 181
जन हेतु-जन सेतु

**ऐसे किया जा रहा परेशान:** शिकायत के बाद अधिकारी भी सीएम हेल्पलाईन की शिकायतें कटवाने के लिए लगातार दबाव बनाते हैं। वहीं कई बार तो एक ही नम्बर से कई शिकायतें आ जाती हैं। ऐसे मोबाइल नम्बर को सीएम हेल्पलाईन के लिए ब्लॉक किया जाना चाहिए। ऐसे सीएम हेल्पलाईन करने वालों की लिस्ट भी बनाई जानी चाहिए। एक ही व्यक्ति द्वारा 20 से 50नम्बरों से शिकायत की जाती है। अलग-अलग सीमों से फोन लगाने पर व्यक्ति को मोबाइल बंद आता है और फिर वह चालू कर कह देता है कि शिकायत का निराकरण नहीं हुआ हैं।

इस प्रकार सीएम हेल्पलाईन आगे बढ़ती रहती हैं। अधिकारी एवं अफसरों को यह चाहिए कि यदि प्रथम दृष्टि में यदि शिकायत गलत लग रही है तो व्यक्ति को बुलाकर चेक करें। सबसे बड़ी बात तो यह कि जो व्यक्ति सीएम हेल्पलाईन कर रहा है उसका सत्यापन करें। क्योंकि शिकायतकर्ता शिकायत कर समस्या निराकरण करवाना चाहता है या फिर ब्लॅकमेल कर रहा हैं। यह बहुत आवश्यक कदम माना जाता हैं। उदाहरण के लिए कुछ सीएम हेल्पलाईन शिकायत हैं।

एक शिकायत में व्यक्ति सीएम हेल्पलाईन करता है सन् 1975 की। जबकि जो व्यक्ति सीएम हेल्पलाईन कर रहा है उसका जन्म 2000 के बाद हुआ। यानि उसको 25 साल पहले से ऐसा हो रहा हैं। ऐसे ही कई शिकायत हैं। अधिकारियों को चाहिए सीएम हेल्पलाईन पर झूठी शिकायत पाए जाने पर ऐसे शिकायतकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। ऐसे शिकायतकर्ता शासकीय मशीनरी का दुरूपयों अपने निजी हित के लिए कर रहे हैं।

### ऐसे हो रहा दुरूपयोग

सीएम हेल्पलाईन में फर्जी शिकायत करने के बाद कुछ शिकायतकर्ताओं दबाव बनाया जा रहा है और फर्जी शिकायत कर परेशान किया जा रहा हैं। वहीं कुछ द्वारा शिकायत वापस लेने के लिए रिश्वत मांगी जा रही हैं। कई शिकायतकर्ताओं द्वारा जानकारी छुपाकर शिकायत होने से अधिकारी भी परेशान हो रहे हैं। वहीं कुछ लोगों द्वारा न्यायालयीन प्रकरण सहित विचाराधीन प्रकरणों को लेकर भी सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत की जा रही हैं।

### यह है शिकायत प्रक्रिय

मध्य प्रदेश की सीएम हेल्पलाइन का नंबर 181 है. यह एक टोल-फ्री नंबर है । इस हेल्पलाइन पर सुबह 7 बजे से रात 11 बजे के बीच कॉल किया जा सकता है । जनता के कई काम आसानी से नहीं हो पाते। अधिकारियों की मनमानी से जनता त्रस्त रहती है। ऐसे में सीएम हेल्पलाइन 181 आसान अस्त्र है, जिसका उपयोग करके नागरिकों को सेवाएं हासिल हो जाती हैं। कोई भी व्यक्ति अपने या किसी के फोन से 181 डायल करके किसी भी अधिकारी कर्मचारी की शिकायत कर सकता है।

# तुलसी पौधा न केवल धार्मिक दृष्टि से है पूजनीय : पाटनी

### जनसेवा समिति और भारत विकास परिषद ने तुलसी पौधा वितरित

**जावरा । भारत विकास परिषद शाखा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर तुलसी पौधा वितरण किया।**

अध्यक्ष पप्पूसिंह राठौर ने कहा, संस्था ने ढाई सौ पौधे गमले सहित वितरण किए। पुरूस्कार वितरण के मुख्य अतिथि पवन पाटनी ने कहा, तुलसी पौधा न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय है बल्कि इसका वैज्ञानिक और औषधीय महत्व भी अत्यधिक है। यह पौधा धार्मिक परंपराओं को निभाने की प्रेरणा देता है जो परिवार इस पौधे को ले रहा है





उनसे कहना चाहता हूं कि इस पौधे को लगाने से सारी नकारात्मकता दूर हो जाती है। जिस घर मे तुलसी पौधे का निवास होता है वहा भगवान का निवास होता है।

मोहन पटेल ने कहा, तुलसी का पौधा हमारे जीवन में शुद्धता, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इस मौके पर तुलसी पौधा वितरण प्रकल्प प्रभारी गोवर्धन पटेल, अमित मोदी, सुनील पोरवाल एवं लोकेश शर्मा का सम्मान संस्था ने किया। संस्था मार्गदर्शक ईश्वरप्रसाद त्रिवेदी, प्रांतीय नेत्र प्रभारी शेखर नाहर, संरक्षक मनोज अग्रवाल, संगठन मंत्री नितेश धनोतिया, कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग, दीपक साधु, उमेश अरोड़ा, रजत सोनी, राजेश शर्मा, शिवेन्द्र माथुर, प्रदीप श्रीवास्तव, रामचन्द्र पोरवाल, प्रकाश अरोडा, डॉ. श्याम पाटीदार, अनिल पोरवाल, राजेश भावसार, कमल शर्मा, कुलजीत गुरु, दिनेश सिसोदिया, सुदीप भारती, संजय मोदी, मोहित चपड़ोद, दीपक सकलेचा आदि सदस्य उपस्थित रहे। संचालन भारतीय जनता पार्टी बडावदा मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने किया तथा आभार प्रकल्प प्रभारी गोवर्धन पटेल ने माना ।

समिति ने गमले सहित किया वितरण-

जनसेवा समिति ने 1111 तुलसी के पौधों का गमले सहित वितरण के साथ तस्वीर स्टैंड का अनावरण किया। यह वितरण प्रदीप चौधरी, मोहन पटेल, शिखर धारीवाल, शिवेंद्र माथुर, प्रदीप श्रीवास्तव, मोहनलाल सैनी के आतिथ्य मे हुआ। इस मौके पर संस्था के गौरव बाफना, आशीष सैनी, रोहित महेश्वरी, अमित जैन, भूपेंद्र माली, संदीप नाहटा, जगदीश महेश्वरी, अमन जैन, आदर्श जोशी, रतनराज जैन, सोनू प्रजापत, सन्नी जैन, रोहित सोलंकी, अमित सोनी, धर्मेंद्र धाकड़, प्रवीण जैन, विशाल हेमावत, नागेश पोरवाल आदि उपस्थित थे। स्वागत भाषण रविराज हेमावत ने दिया अंत में आभार आदर्श शर्मा ने माना।


नव भारत



डॉ. संजय उपाध्याय
ब्यूरो चीफ
कार्यालय: गांधी नगर, रतलाम
मो. 90092 83121
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें।